③

GREENLAWNS HIGH SCHOOL
TERMINAL EXAMINATION YEAR 2017-2018

SUBJECT : HINDI — CLASS : V
TIME : 2 HOUR — MARKS : 80

सूचना – भाग 'अ' तथा 'ब' के सभी प्रश्नों के उत्तर विद्यालय द्वारा दी गई उत्तर-पुस्तिका में लिखिए। भाग 'स' तथा 'द' के उत्तर प्रश्नों के आगे दिए खाली स्थान पर लिखकर अपनी उत्तर पुस्तिका में जोड़ दीजिए।

भाग 'अ'

प्रश्न १. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए। (१०)

१) मेरा प्रिय खेल — २) वृक्ष हमारे मित्र

३) कंप्यूटर — ४) हमारे सैनिक

प्रश्न २. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए। (७)

१) कक्षा का सफेद पट (white board) खराब हो जाने पर उसे बदलवाने की प्रार्थना करने हेतु प्रधानाचार्या को पत्र लिखिए।

अथवा

२) मित्र को कविता पाठ में प्रथम पुरस्कार मिलने पर बधाई पत्र लिखिए।

प्रश्न ३. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (८)

मित्र की पहचान विपत्ति पड़ने पर ही होती है। सच्चा मित्र मिलना सरल नहीं। मित्र का चुनाव सोच-समझकर करना चाहिए। मित्र का चुनाव करते समय उसके व्यवहार,आचरण जैसी बातों पर विशेष ध्यान देना चाहिए। सच्चा मित्र विनम्र, सदाचारी, विश्वसनीय तथा चरित्रवान होना चाहिए। सच्चा मित्र एक शिक्षक की भाँति होता है, जो अपने मित्र को सही रास्ते पर ले जाता है। जब मनुष्य संकट में होता है और चारों ओर निराशा का अंधकार दिखाई देता है, तो केवल सच्चा मित्र ही आशा की किरण के रुप में सामने आकर अंधकार को दूर करता है। 'जो सामने तो मीठा बोले, पीछे से काम बिगाड़े' ऐसे मित्र को छोड़ देने में ही भलाई है।

१) मित्र की पहचान कब होती है ? (१)

२) सच्चा मित्र कैसा होना चाहिए ? (१)

३) सच्चे मित्र को शिक्षक की भाँति क्यों कहा गया है ? (१)

४) मित्र का चुनाव कैसे करना चाहिए ? उसका चुनाव करते समय किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए ? (२)

५) सच्चा मित्र कब आशा की किरण के रुप में सामने आता है ? (२)

६) दिए गए गद्यांश को उचित शीर्षक दीजिए। (१)

भाग - 'ब'

(पुस्तक – मुक्ता)

प्रश्न ४. अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (१५)

१) तेनालीरामन को कैसे पता चला कि ब्राह्मण की मातृभाषा तमिल है ?

२) धोती गिरने की खबर पाकर दादी ने स्वपनिल से क्या कहा ?

३) किसान की पत्नी की मृत्यु कैसे हो गयी थी ?

४) नेहरु जी ने इंदिरा जी को कैसा बनने के लिए कहा और क्यों ?

५) तेनालीरामन में कौन-से गुण थे ?

(पुस्तक –मधुकलश)

प्रश्न ४ ब) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (६)

१) हीरा –मोती ने साँड का मुकाबला कैसे किया ?

२) घीसू की कविता सुनकर राजा को हँसी क्यों नहीं आई ?

३) खीर परोसने से पहले सिपाही ने जानकी को क्या बताया ?

(सूचना – इस भाग के सभी प्रश्नों के उत्तर प्रश्नपत्र में ही लिखिए।

नाम ———————————— कक्षा ———————— अनुक्रमांक ————

भाग –स

प्रश्न ५. दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए। (५)

१) नेहरु जी को बच्चे किस नाम से पुकारते थे ?

उत्तर ——————————————————————————

——————————————————————————

२) तेनालीरामन के किस्से कहाँ प्रसिद्ध थे ?

उत्तर ——————————————————————————

——————————————————————————

३) किसान के दूसरे लड़के का पालन-पोषण कहाँ हुआ ?

उत्तर - ——————————————————————————

——————————————————————————

४) बुढ़िया कौन थी ?

उत्तर ——————————————————————————

——————————————————————————

५) गांधी जी का जन्म कब और कहाँ हुआ ?

उत्तर ——————————————————————————

——————————————————————————

प्रश्न ६. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। (२)

१) भालू उस बच्चे को ले जाकर अपनी —————————— में घुस गया।

२) हर भाषा पर उनका पूर्ण —————————— था।

३) स्वपनिल बुढ़िया को —————————— देखता ही रह गया।

४) मेरी—————————— तो सदा तुम्हारे साथ है।

प्रश्न ७ निम्नलिखित वाक्य सही है या गलत लिखिए। (२)

१) भोर होने पर तोर टिमटिमाने लगे । ——————

२) तेनालीरामन तेलगू भाषा के प्रसिद्ध कवि थे। ——————

३) स्वपनिल रोज बुढ़िया की प्रतिक्षा करता था। ——————

४) अटलबिहारी वाजपेयी भारत के प्रथम प्रधानमंत्री थे। ——————

प्रश्न ८. निम्नलिखित वाक्य किसने-किससे कहे लिखिए। (४)

१)"तेनालीरामन! तुम क्या कहते हो ?"

—————————— ने ——————————

२) आज से तुम्हारी एक नहीं दो-दो दादियाँ हैं।

—————————— ने ——————————

३) माई! राजा का सिपाही हूँ ऐसे भगाओगी, तो अच्छी बात नहीं होगी।"

—————————— ने ——————————

४) "तो ठीक है! आप अपने दरबारियों से कहिए, वे यह बताएँ कि मेरी मातृभाषा क्या है।

—————————— ने ——————————

प्रश्न ९. निम्नलिखित पंक्तियाँ पूर्ण कीजिए। (४)

चिड़ियाँ ——————————

——————————

——————————

——————————पाई।

प्रश्न १० दिए गए शब्दों के अर्थ लिखिए- (२)

१) विचित्र — —————— २) दिग-दिगंत — ——————

३) ज़ख्मी — —————— ४) समक्ष — ——————

भाग 'द'

१) दिए गए शब्दों से भाववाचक संज्ञा बनाइए। (१)

१) बड़ा — —————— २) जटिल — ——————

२) दिए गए शब्दों के लिंग बदलिए। (१)

१) क्षत्रिय – ———————— २) युवक — ————————

३) दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए। (१)

१) तरल – ———————— २) गंदा – ————————

४) 'गणेश' शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए। (१)

१) ———————— २) ————————

५) दिए गए शब्दों के वचन बदलकर लिखिए। (१)

१) विधि – ———————— २) केला – ————————

६) निम्नलिखित वाक्यों से सर्वनाम पहचानकर उनके भेद लिखिए। (२)

१) यह घड़ी मेरी है।

————————————————

२) तुम क्या कर रहे हो ?

————————————————

७) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए। (२)

१) जो बोल न सके - - ————————

२) रास्ता दिखानेवाला – ————————

८) निम्नलिखित वाक्यों के काल पहचानकर उनके भेद लिखिए। (२)

१) लता स्कूल गई थी ।— ————————

२) श्याम पुस्तक पढ़ता है। — ————————

९ क) उपसर्ग जोड़कर दो नए शब्द बनाइए। (१)

१) परि – ———————— ————————

ख) प्रत्यय जोड़कर दो नए शब्द बनाइए। (१)

१) अक – ———————— ————————

१०) मुहावरो का अर्थ लिखिए। (२)

१) कान खड़े होना – ————————

२) आँख उठाकर न देखना ————————